# 2022
# हिन्दी

**समय :** तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक :** 70

**निर्देश :**

(i) प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

(ii) प्रश्न-पत्र दो खण्डों 'अ' तथा 'ब' में विभाजित है।

(iii) प्रश्न-पत्र के खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं जिसमें सही विकल्प का चयन करके O.M.R. शीट पर नीले अथवा काले बॉल प्वाइंट पेन से सही विकल्प वाले गोले को पूर्ण रूप से काला करें।

(iv) खण्ड 'अ' में बहु-विकल्पीय प्रश्न हेतु प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

(v) प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके निर्धारित अंक दिये गये हैं।

## खण्ड – 'अ'
## (बहु-विकल्पीय प्रश्न)

1. (क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : **1**

(i) प्रेमचन्द एक महाकवि के रूप में प्रसिद्ध हैं।

(ii) 'गुनाहों का देवता' उपन्यास के लेखक डॉ. धर्मवीर भारती हैं।

(iii) 'ममता' के लेखक रामधारी सिंह दिनकर हैं।

(iv) 'मित्रता' रामचन्द्र शुक्ल का प्रसिद्ध कहानी संग्रह है।

(ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक के लेखक का नाम लिखिए : **1**

(i) सेवा सदन (ii) चन्द्रगुप्त (iii) बर्फ की गुड़िया (iv) अतीत के चलचित्र

(ग) 'कलम का सिपाही' में किस साहित्यकार का जीवन-परिचय है ? **1**

(घ) किसी एक एकांकी लेखक का नाम लिखिए। **1**

(ङ) 'आवारा मसीहा' के रचनाकार कौन हैं ? **1**

2\. (क) छायावाद की दो प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। **2**

(ख) रीतिकाल की दो प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए। **2**

(ग) किसी एक प्रगतिवादी कवि का नाम लिखिए। **1**

## खण्ड – 'ब'

## (वर्णनात्मक प्रश्न)

3\. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी एक गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **2 + 2 + 2 = 6**

कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है। यह केवल नीति और सवृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है। किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो उसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायगी।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) उपर्युक्त गद्यांश में युवा पुरुष की संगति के सम्बन्ध में लेखक के क्या बताया है ?

**अथवा**

पहले पहाड़ काटकर उसे खोखला कर दिया गया, फिर उसमें सुन्दर भवन बना लिए गये, जहाँ खम्भों पर हमारी मूरतें विहँस उठीं। भीतर की समूची दीवारें और छतें रगड़ कर चिकनी कर ली गयीं और तब उनकी जमीन पर चित्रों की एक दुनिया ही बसा दी गयी। पहले पलस्तर लगाकर आचार्यों ने उनपर लहराती रेखाओं में चित्रों की काया सिरज दी, फिर उनके चेले कलावन्तों ने उनमें रंग भरकर प्राण फूंक दिये। फिर तो दीवारें उमग उठीं, पहाड़ पुलकित हो उठे।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) पहाड़ों को किस प्रकार जीवन्त बनाया गया ? गद्यांश के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी एक पद्यांश की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए तथा काव्य-सौंदर्य भी स्पष्ट कीजिये : **1 + 4 + 1 = 6**

सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी है जानकी जानी भली।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्हें समुझाइ कछू मुसकाइ चली।।
तुलसी तेहि औसर सोहैं सबै अवलोकति लोचन-लाहु अली।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) काव्य-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

सच्चा प्रेम वही है जिसकी तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है, करो प्रेम पर प्राण निछावर।।
देश-प्रेम वह पुण्य-क्षेत्र है, अमल असीम त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास में जिसमें, मनुष्यता होती है विकसित।।

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) देश-प्रेम को पुण्य-क्षेत्र क्यों कहा गया है ?

5. (क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद (ii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल (iii) जयशंकर प्रसाद

(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : **2 + 1 = 3**

(i) सूरदास (ii) बिहारीलाल (iii) मैथिलीशरण गुप्त

6. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : **1 + 3 = 4**

एषा नगरी भारतीय संस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति। इत एव संस्कृतवाङ्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः। मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय दर्शन-शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत्। स तेषां ज्ञानेन तथा प्रभावितः अभवत्, यत् तेन उपनिषदाम् अनुवादः पारसीभाषायां कारितः।

**अथवा**

बन्धनं मरणं वापि जयो वापि पराजयः।
उभयत्र समो वीरः वीर भावो हि वीरता।।

7. (क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ किया हुआ कोई एक श्लोक लिखिए, जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो। **2**

(ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : **1 + 1 = 2**

(i) वाराणसी कस्याः भाषायाः केन्द्रम् अस्ति ?

(ii) चन्द्रशेखरः कः आसीत् ?

(iii) भारतीय संस्कृतेः मूलं किम् अस्ति ?

(iv) पुरुराजः केन सह युद्धम् अकरोत् ?

8. (क) 'करुण' रस अथवा 'हास्य' रस की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। **2**

(ख) 'उपमा' अलंकार अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा तथा उदाहरण दीजिए। **2**

(ग) 'सोरठा' अथवा 'रोला' की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। **2**

9. (क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं तीन के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : **1+1+1=3**

(i) अनु (ii) परि (iii) अभि (iv) अप (v) सु (vi) अधि

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : **1+1=2**

(i) पन (ii) आई (iii) वट (iv) हट (v) ता

(ग) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में समास-विग्रह कीजिए और समास के नाम लिखिए : **1+1=2**

(i) पाप-पुण्य (ii) नवरत्न (iii) तिरंगा (iv) जलवायु

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) कपूत (ii) कुआँ (iii) जीर्ण (iv) दूध (v) चरन

(ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : **1+1=2**

(i) अग्नि (ii) आम (iii) किनारा (iv) पक्षी

10. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं दो में सन्धि-विच्छेद कीजिए तथा सन्धि का नाम लिखिए : **1+1=2**

(i) प्रत्येकः (ii) पित्राज्ञा (iii) यद्यपि (iv) प्रत्युत्तरम्

(ख) निम्नलिखित शब्दों के षष्ठी विभक्ति का बहुवचन रूप लिखिए : **1+1=2**

(i) 'मधु' अथवा 'नदी' (ii) 'फल' अथवा 'मति'

(ग) निम्नलिखित में से किसी एक की धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : **2**

(i) पठतम् (ii) अहसत (iii) अपठम् (iv) हसामि

(घ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : **1+1=2**

(i) सभी सुखी हों। (ii) बालिकाएँ खेल रही हैं। (iii) आकाश को पुस्तक दो। (iv) वृक्ष से पत्ते गिरते हैं। (v) भारत हमारा देश है।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए : **6**

(i) स्वच्छ भारत अभियान (ii) विज्ञान वरदान या अभिशाप (iii) प्रदूषण की समस्या और समाधान (iv) देश-प्रेम (v) जनसंख्या-वृद्धि की समस्या एवं समाधान

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर दीजिए : **3**

(क) (i) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के नायक की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(ख) (i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए।

(ग) (i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर द्वितीय सर्ग की कथावस्तु लिखिए।

(घ) (i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर भरत की चारित्रिक विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। (ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के षष्ठ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(ङ) (i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के पंचम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(च) (i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर काव्य के नायक का चरित्रांकन कीजिए। (ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के नवम सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए।

(छ) (i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के प्रथम सर्ग का सारांश अपने शब्दों में लिखिए। (ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के मुख्य पात्र की चरित्रगत विशेषताओं का उल्लेख कीजिए।

(ज) (i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए। (ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।

(झ) (i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के चतुर्थ सर्ग की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए। (ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के आधार पर सुभाष चन्द्र बोस का चरित्र-चित्रण कीजिए।